नवभारत टाइम्स
शुक्रवार, 1 मई 2026


सिटी मॉन्टेसरी स्कूल

# मुश्किलों में हौसले से चमके ये सितारे

## अब जूडिशरी में करियर बनाना है

### जैनब फातिमा
सीएमएस अलीगंज **99.75%**



आज का दिन जीवन के सबसे खुशनुमा दिनों में एक है। आज का रिजल्ट महज परिणाम नही मेरी सालभर की मेहनत है। इस सफलता से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। मेरा मन है कि जूडिशरी में करियर बनाऊं लेकिन पापा चाहते हैं कि मै यूपीएससी की तैयारी करूं। पापा एसएम आरिफ डॉक्टर है और मां शहनाज गृहिणी है। मुझे एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से बहुत प्रेरणा मिली है।

### संस्कृति चंदेल
सीएमएस गोमतीनगर **99.75%**



## डीयू से ग्रैजुएशन कर सिविल सेवा में जाना है

आज के रिजल्ट से मुझे पूरी तरह विश्वास हो गया है कि अगर कुछ ठान लो तो उसे पाना मुश्किल नही है। जो मेरे लिए सबसे खुशी की बात है। अब आगे योजना में डीयू से ग्रैजुएशन करके सिविल सर्विसेज की तैयारी करना है। पापा सिद्धार्थ चंदेल औ मां निशि चंदेल दोनो डॉक्टर हैं। मेरी सफलता के पीछे मेरा रोजाना 6 घंटे सेल्फ स्टडी करना शामिल है।

## पॉलिसी मेकर बनकर एजुकेशन करूंगी सस्ती

### छवि मिश्रा
सीएमएस कानपुर रोड **99.75%**



मैने बढ़िया रिजल्ट लाकर अपने परिवार का मान बढ़ाया है। इसके पीछे मेरे टीचर्स का योगदान है उन्होंने जो पढ़ाया मैने उसे ध्यान से पढ़ा। भविष्य मे आईएएस बनकर एजुकेशन का जो व्यवसायीकरण हो गया है इसे खत्म करना है, जिससे सभी के पढ़ाई आसान हो सके। पापा प्रमोद कुमार पुलिस मे हेड कॉन्सटेबल है और मां रीता मिश्रा होममेकर है।

### ओशिन अग्रवाल
सीएमएस महानगर **99.75%**



## अगला लक्ष्य डॉक्टर बनना है

मेरा हमेशा से सपना है डॉक्टर बनकर मम्मी-पापा का नाम रोशन करना रहा है, अब इसी पर काम करना है। मैंने रोज छह-सात घंटे पढ़ाई करके यह परिणाम हासिल किया है। पापा जेपी अग्रवाल व्यवसायी हैं और मां कुसुम होममेकर है। जब भी हमारे कैंपस में शुभांशु शुक्ला सर आए तो उन्होंने हमारा उत्साह बढ़ाने का काम किया।

## सिविल सेवक बनना मेरा सपना

### सर्वप्रिया पाठक
CMS गोमती नगर विस्तार **99.50%**



मम्मी-पापा हमेशा कहते थे कि मन लगाकर पढ़ो तभी नंबर अच्छे आएंगे उनकी दी हुई सीख आज समझ आई। बचपन से मेरा सपना रहा है कि मै एक आईएएस अफसर बनूं अब सिविल सेवा की तैयारी करना आगे की योजना मे शामिल है। पापा एसएस पाठक सरकारी सेवा में है और मां निधि पाठक होम मेकर है।

## आईआईटी से इंजिनियरिंग करना अगला टारगेट

तैयारी के लिए टीचर्स की गाइडेंस पर फोकस किया। दस साल के प्रीवियस ईयर क्वेश्चन पेपर भी लगाए। मैथ्स में तैयारी के हिसाब से अंक कम रह गए। पेपर भी ट्रिकी था और मैं नर्वस हो गया था। मेरी सफलता से पिता करमवीर सिंह और मां बीना सिंह काफ़ी ख़ुश है। मेरा लक्ष्य आईआईटी से कंप्यूटर साइंस में इंजिनियर बनना है। मेरा कोडिंग में बहुत इंटरेस्ट है।

## ब्रेन सर्जरी हुई, लेकिन हिम्मत नहीं छोड़ी



सेठ एमआर जयपुरिया की बारहवी की छात्रा आरुषि कपूर ने (कॉमर्स) की बोर्ड परीक्षा में 91.5% अंक हासिल किए हैं। आरुषि को सितंबर में प्री-बोर्ड परीक्षाओं के दौरान न्यूरोलॉजिकल समस्या हुई। स्थिति इतनी गंभीर थी कि उन्हें ब्रेन सर्जरी से गुजरना पड़ा। वह प्री-बोर्ड परीक्षाएं भी नही दे पाई। यह समय न केवल उनके लिए, बल्कि उनके माता-पिता रुचि कपूर और आशीष कपूर के लिए भी बेहद चुनौतीपूर्ण था। सर्जरी के बाद के नाजुक समय में आरुषि के स्कूल ने एक संवेदनशील और सराहनीय कदम उठाया। स्कूल प्रशासन ने उनकी पढ़ाई के नुकसान की भरपाई के लिए उनके लिए विशेष एक्सट्रा क्लासेस की व्यवस्था की। जनवरी के महीने में स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद आरुषि ने अपनी पढ़ाई को दोबारा रफ्तार दी। स्कूल के शिक्षकों ने इस दौरान उनका पूरा मार्गदर्शन किया, जिससे वह अपने छूटे हुए पाठ्यक्रम को समझ सकी और परीक्षा की तैयारी पूरी कर पाई। आरुषि अब सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) की तैयारी कर रही है। वे माता पिता की तरह सीए बनना है।

## कैंसर से जूझ रहे थे पिता, बीच एग्जाम हुआ निधन



सीएमस स्टेशन रोड के दसवी के छात्र अबीर ने अपने जीवन के एक बेहद कठिन समय में अपने पिता को खो दिया। पिछले एक साल से उनके पिता कैंसर से जूझ रहे थे, जिसका उनकी पढ़ाई पर काफी असर पड़ा। अबीर की तीसरी परीक्षा (हिंदी) से मात्र पांच दिन पहले उनके पिता का निधन हो गया, जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए पूरे परिवार को तुरंत अपने पैतृक स्थान जाना पड़ा। इससे उनकी पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो गई। अबीर कहते हैं कि लग नही रहा था कि मैं पूरे एग्जाम दे पाऊंगा। लेकिन शिक्षकों और दोस्तों से मिली मदद ने दोबारा परीक्षा देने की हिम्मत दी। उनके मार्गदर्शन की बदौलत आज के रिजल्ट में 82.4% अंक स्कोर किया है।


प्रशस्ति सिंह 98% सीएमएस गोमतीनगर प्रथम





CISCE बोर्ड का रिजल्ट आने के बाद गुरुवार को लखनऊ के सीएमएस, गोमतीनगर मे स्टूडेंट्स ने ऐसे मनाया जश्न।

## ये हैं ICSE के उस्ताद

### वैवस्वत नारायण दुबे
CMS गोमती नगर प्रथम **99.80%**



## टीचर्स के नोट्स का रिवीजन आया काम

मैने टीचर्स के बनाए नोट्स से ही सेल्फ स्टडी की। यही मेरी कामयाबी का मूल मंत्र बना। इसके अलावा मैने पीवाईक्यू को खूब सॉल्व किया, जिसने सवालो को लेकर मेरे कॉन्सेप्ट क्लियर किए। मै इजिनियरिग मे फ्यूचर बनाना चाहता हू। इसके लिए अगला लक्ष्य जेईई होगा। पापा एसएन दुबे असिस्टेंट कमिश्नर है और मा वैदेही दुबे लेक्चरर है।

## सिविल सेवा मे चयन है मेरा अगला लक्ष्य

### जेहरा फातिमा
सीएमएस अशर्फाबाद **99.60%**



मैने रोजाना 4 से 6 घटे पढ़ाई की। इसी वजह से मेरा रिजल्ट उम्मीद के मुताबिक रहा। मैने बचपन से ही सिविल सेवा मे चयनित होकर देश सेवा का सपना देखा। अब उसी के लिए काम करना है। पापा साजिद अब्बास एडवोकेट है और मा हिना रिजवी होममेकर है। मुझे शुभाशु शुक्ला सर से बहुत प्रेरणा मिली। हमेशा इस बात की खुशी रहेगी हम दोनो एक ही स्कूल से है।

### अनय अग्रवाल
CMS गोमती नगर प्रथम **99.60%**



## शुभांशु शुक्ला सर की प्रेरणा काम आई

मैने हमारे सीनियर शुभाशु सर से जीवन मे आगे बढ़ने की प्रेरणा की। उन्होने कहा था कि अगर कोई लक्ष्य ठान लिया जाए तो उसे पाना मुश्किल नही होता है। इसी पर काम करते हुए मैने परीक्षा की तैयारी की। अब जेईई क्वालिफाई करके आईआईटी मे एडमिशन लेकर इजिनियरिग की पढ़ाई करना है। पापा रुपेश अग्रवाल व्यवसायी है और मा शिल्पी अग्रवाल होममेकर है।

### अफशान अहमद
CMS गोमती नगर-1 **99.40%**



## हर रोज 3-4 घंटे की पढ़ाई से हासिल किया लक्ष्य

हर रोज 3-4 घटे की सेल्फ स्टडी से मैने 99.4 परसेट मार्क्स हासिल किए है। मेरे पिता महमूद आलम सिद्दीकी बिजनेसमैन है और मा अर्शी बानो टीचर है। मै यही कहना चाहता हू कि एकदम से 7-8 घटे पढ़ने से बेहतर है कि शुरूआत से हर रोज 3-4 घटे पढ़ाई की जाए तो रिजल्ट बेहतर आ सकते है। मै आईआईएससी बेगलुरु से इजिनियरिग करना चाहता हू

हिन्दुस्तान
लखनऊ, शुक्रवार, 1 मई 2026

## मेधावी बोले

### पूरे साल की मेहनत का फल मिला



जैनब फातिमा, सीएमएस अलीगंज

मेरे लिए आज का दिन जीवन के सबसे खुशनुमा दिनों में एक है। आज का रिजल्ट महज परिणाम नहीं मेरी पूरे साल की मेहनत है। इस सफलता से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। मेरा मन है कि ज्यूडशरी में करियर बनाऊं लेकिन पापा चाहते हैं कि मैं यूपीएससी के लिए तैयारी करूं। पिता एसएम आरिफ डॉक्टर और मां शहनाज गृहिणी हैं। मेरे लिए खुशी की बात है कि शुभांशु शुक्ला मेरी ब्रांच के छात्र रहे हैं, उनसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

**99.75%**

लक्ष्यः ज्यूडशरी

**सफलता का मंत्र**

सोशल प्लेटफार्म कम प्रयोग किया। एकाग्रता से नियमित की पढ़ाई।

### बढ़ती फीस काबू करना चाहूंगी



छवि मिश्रा, सीएमएस कानपुर रोड

आज का दिन मेरे लिए बेहद खुशी का दिन है। मैंने बढ़िया रिजल्ट लाकर अपने परिवार का मान बढ़ाया है। इस सफलता के पीछे मेरे टीचर्स का योगदान है उन्होंने जो पढ़ाया मैंने उसी को पढ़ा। भविष्य में आईएएस अफसर बनकर एजुकेशन का जो व्यवसायीकरण हो गया है इसे खत्म करना है जिससे सभी के पढ़ना आसान हो सके। पॉलिसी मेकर बनकर एजुकेशन करूंगी सस्ती। पापा प्रमोद कुमार पुलिस में हेड कॉन्सटेबल और मां रीता मिश्रा होममेकर हैं।

**99.75 %**

लक्ष्यः सिविल सेवा

**सफलता का मंत्र**

टीचरों ने जो पढ़ाया उस पर दिया पूरा ध्यान, घर पर नियमित की पढ़ाई।



### कुछ ठान लो तो पाना बिल्कुल मुश्किल नहीं

संस्कृति चंदेल, सीएमएस गोमतीनगर प्रथम

आज के रिजल्ट से मेरा मन मजबूत हो गया कि अगर कुछ ठान लो तो उसे पाना मुश्किल नहीं है। यह मेरे लिए सबसे खुशी की बात है। अब आगे योजना में डीयू से ग्रेजुएशन करके सिविल सर्विसेज की तैयारी करना है। पापा सिद्धार्थ चंदेल और मां निशि चंदेल दोनों डॉक्टर हैं। मेरी सफलता के पीछे मेरा रोजाना छह घंटे सेल्फ स्टडी करना शामिल है। एकाग्रता बनाए रखना और ध्यान भटकने से बचाना बहुत जरूरी है। वरना सफलता मिलना मुश्किल हो जाता है।

**99.75 %**

लक्ष्यः सिविल सेवा

**सफलता का मंत्र**

एकाग्रता से नियमित रूप से की पढ़ाई। ध्यान भटकने से बचाया।



### आज के रिजल्ट ने खोले संभावनाओं के द्वार

ओशीन अग्रवाल, सीएमएस महानगर

आज के रिजल्ट ने मेरे लिए जीवन में नई योजनाओं के दरवाजे खोल दिए हैं। हमेशा से सपना है डॉक्टर बनकर मम्मी पापा का नाम रोशन करना, अब इसी पर काम करना है। मैंने रोज छह-सात घंटे पढ़ाई करके अपने इस सफल परिणाम को हासिल किया है। पापा जेपी अग्रवाल व्यवसायी हैं और मां कुसुम होममेकर हैं। जब भी कैंपस में शुभांशु शुक्ला सर आए तो उन्होंने हमारा उत्साह बढ़ाने का काम किया। हमारी कोशिश है कि हम भी उनकी तरह नोम रोशन करें।

**99.75 %**

लक्ष्यः डॉक्टर

**सफलता का मंत्र**

रोज छह-सात घंटे पढ़ाई से पाई कामयाबी, शुभांशु सर ने बढ़ाई हिम्मत



### घर पर नियमित पढ़ाई से पाई परीक्षा में सफलता

आरना, सीएमएस कानपुर रोड शाखा

विज्ञान वर्ग में कई विषयों में सर्वाधिक अंक मिले। इस परिणाम को पाने के लिए बहुत मेहनत की। जिसका नतीजा है कि इतने अच्छे अंक मिले। माता पिता व अभिभावकों के मार्गदर्शन में यह परिणाम हासिल किया है। 10वीं कक्षा में भी 99 .4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में टॉप कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया था। अच्छे परिणाम का एक कारण यह भी है कि शिक्षकों ने साथ दिया और हर क्वेरी का सही से समाधान कराया। घर पर नियमित पढ़ाई से पाई सफलता।

**99.50 %**

लक्ष्यः डॉक्टर

**सफलता का मंत्र**

शिक्षकों के साथ संवाद और एकाग्रता से नियमित रूप से की पढ़ाई।



### शहर में प्रदूषण और ट्रैफिक सबसे बड़ी समस्या

आदित्य त्रिपाठी, सीएमएस गोमती नगर


गोमती नगर विस्तार का रहने वाला हूं। हमेशा लोगों की मदद करने का इच्छुक रहता हूं। आईआईटी के लिए कोशिश करूंगा। यूपीएससी की तैयारी कर आईएएस बनने का इरादा है। पिता अवधेश कुमार तिवारी व्यवसायी और माता मीरा तिवारी गृहिणी हैं। शहर में प्रदूषण और ट्रैफिक सबसे बड़ी समस्या दिखती है। अगर लक्ष्य बनाकर नियम से पढ़ाई की जाए तो सफलता मिलना पूरी तरह से संभव है। शिक्षकों का मार्गदर्शन पाना भी जरूरी है। जब भी कोई जिज्ञासा हो तो उसका समाधान करें।

**99.5 %**

लक्ष्यः सिविल सेवा

**सफलता का मंत्र**

शिक्षकों का मार्गदर्शन और लक्ष्य बनाकर नियमित पढ़ाई करना।



### सिविल सेवा की तैयारी करना आगे की योजना

शिवप्रिया पाठक, सीएमएस गोमतीनगर विस्तार

आज का रिजल्ट मेरे,परिवार और मेरे लिए खुशियों झूमने वाला दिन है। मम्मी पापा हमेशा कहते थे मन लगाकर पढ़ो तभी नबंर अच्छे आएंगे उनकी दी हुई सीख आज समझ आई। मेरा बचपन से सपना रहा है कि मैं एक आईएएस अफसर बनूं अब सिविल सेवा की तैयारी करना आगे की योजना में शामिल है। पापा एसएस पाठक सरकारी सेवा में है और निधि पाठक होम मेकर है। उनकी प्रेरणा से और शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही सफलता पाना आसान हुआ। सवालों का जवाब तलाशना जरूरी है।

**99.5 %**

लक्ष्यः सिविल सेवा

**सफलता का मंत्र**

मन लगाकर पढ़ाई की तो मिले अच्छे अंक, एकाग्रता पर रहा ध्यान

## लंबी छलांग



### चार से पांच घंटे एकाग्रता से की पढ़ाई

जहरा फातिमा, सीएमएस अशर्फाबाद

रोजाना घर में चार से पांच घंटा नियमित पढ़ाई करती थी। यू ट्यूब पर पढ़ाई संबंधी वीडियो ही जरूरत पड़ने पर देखती थी। भविष्य में कंप्यूटर साइंस लेकर इंजीनियर बनना चाहती हूं। मेरी नजर में शहर में साफ-सफाई सबसे बड़ी समस्या है। जब भी समय मिलता है तो पेंटिंग और कुकिंग करती हूं। फलता का श्रेय मेरी मां हिना (गृहिणी) और पिता सैयद साजिद अब्बास (एडवोकेट) सहित स्कूल के मेरे टीचरों का जाता है।

**99.6%**

लक्ष्यः इंजीनियर

**सफलता का मंत्र**

सोशल मीडिया से दूरी बनाई और पढ़ने के लिए देखे ऑनलाइन वीडियो



### पढ़ाई के साथ मनोरंजन से कम किया तनाव

अनय अग्रवाल, सीएमएस गोमतीनगर

रोजाना नियम से चार से पांच घंटा की पढ़ाई करता था। सोशल मीडिया कभी-कभार आधा से एक घंटा देख लेता था, जिसमें पढ़ाई के साथ मनोरंजन भी शामिल रहता है। भविष्य में इंजीनियर बनना चाहता हूं। क्रिकेट खेलना मुझे पसंद है। मेरी नजर में शहर में कोई खास समस्या नहीं है। मेरी सफलता का श्रेय मेरी मां शिल्पी अग्रवाल( गृहिणी) और पिता रूपेश अग्रवाल( बिजनेसमैन) सहित स्कूल के मेरें टीचरों को जाता है।

**99.6%**

लक्ष्यः इंजीनियर

**सफलता का मंत्र**

सोशल मीडिया कम और नियम से रोजाना पढ़ाई पर ध्यान

### गेम डेवलपमेंट क्षेत्र में जाने का ख्वाब



अद्वित धवन, सीएमएस गोमती नगर : 99.5%

गोखले मार्ग पर निवास है। पिता सिद्धार्थ धवन इलाहाबाद हाइकोर्ट एडिशनल चीफ स्टैंडिंग काउंसिल और डॉ. पूजा धवन कंसल्टेंट रेहेमेटोलॉजिस्ट हैं। इंजीनियरिंग क्षेत्र में जाकर एआई, डेटा साइंस और गेम डेवलेपमेंट क्षेत्र में जाने का इरादा है। सफलता पाने के लिए जरूरी है कि नियमित रूप से पढ़ाई की जाए और सब कुछ व्यवस्थित ढंग से पढ़ा जाए। साथ ही शिक्षकों का मार्गदर्शन भी जरूरी है। अगर आपके पास कोई सवाल या जिज्ञासा हो तो जरूरी है कि उसका समाधान किया जाए।

### बीएचयू से बीए और एलएलबी का मन



सोनिया अरोरा सीएमएस कानपुर रोड : 99.5%

रायबरेली रोड स्थित एल्डिको उद्यान में रहती हूं। बीएचयू से बीए एलएलबी करने की ख्वाहिश है। ज्यूडिश्यरी में करियर बनाने की इच्छुक हूं। पिता विनय अरोरा दवा व्यापारी और माता रूपाली अरोरा गृहिणी हैं। राज्य की राजधानी में रहने के बावजूद हायर एजुकेशन के लिए बाहर जाना पड़ता है। लखनऊ में अच्छी रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का होना जरूरी है। शहर की सबसे बड़ी समस्या सफाई और प्रदूषण की है, इसको दूर करना बहुत जरूरी है। अब आगे की पढ़ाई पर मेरी नजर है।

PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT



सीएमएस

# मेहनत रंग लाई तो जोश हुआ हाई!

**LUCKNOW (30 April, inext):** बेहतरीन रिजल्ट और शानदार मौसम, ऐसे में जश्न तो यादगार होना ही था. जी हां, जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ, स्टूडेंट्स अपने-अपने स्कूल पहुंच गए. वहां टीचर्स से मिले और फिर शुरू हुआ दोस्तों से मार्क्स पूछने का दौर. अधिकतर स्टूडेंट्स के इस बार काफी अच्छे मार्क्स आए हैं. सभी ने एक दूसरे को गले लगकर बधाई दी. वहीं, टीचर्स और प्रिंसिपल्स के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और फ्यूचर में किस तरह आगे बढ़ा जाए, इस पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया. स्कूलों में स्टूडेंट्स का वेलकम माला पहनाकर किया गया.




## फोन पर रिश्तेदारों को दी जानकारी

स्टूडेंट्स ने अपने रिजल्ट की जानकारी परिजनों और रिश्तेदारों को फोन पर दी. वहीं, फ्रेंड्स को कॉल कर आउटिंग का प्लान बनाया. मौसम सुहावना था, ऐसे में दोपहर के समय ही राजधानी के प्रमुख मंदिरों में स्टूडेंट्स अपने पेरेंट्स के साथ गए और प्रसाद चढ़ाया.

## सोशल मीडिया पर भी छाया रिजल्ट

गुरुवार को सुबह से ही सोशल मीडिया पर रिजल्ट को लेकर लोग अपनी-अपनी पोस्ट करते रहे. स्कूलों की ओर से अपने मेधावियों की तस्वीर के साथ पोस्ट की गईं. वहीं, स्टूडेंट्स ने भी अपनी तस्वीर के साथ अपने मार्क्स सोशल मीडिया पर पोस्ट किए.



98.40 %

स्टूडेंट्स 12वीं के एग्जाम में पास

**100** स्कूलों में कराया गया था 12वीं का एग्जाम

**12** हजार स्टूडेंट्स हुए थे एग्जाम में शामिल

**40** से अधिक स्टूडेंट्स के 12वीं के एग्जाम में 99 प्रतिशत से अधिक मार्क्स

### रेस्टोरेंट में जश्न

वहीं शाम के समय ग्रुप्स में स्टूडेंट्स रेस्टोरेंट पहुंचे और अपनी इस शानदार सक्सेस का जश्न मनाया. मॉल में जाकर खरीदारी की. वहीं, बहुत से स्टूडेंट्स ने घर पर भी पार्टी मनाई. इस दौरान सभी ने अपने दोस्तों के साथ जमकर एंज्वॉय किया.

### भविष्य की तैयारी

शानदार सफलता के बाद, राजधानी के मेधावी छात्र अब जीवन के अगले बड़े अध्याय की ओर अग्रसर हैं. अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के बाद ये युवा अपनी करियर प्राथमिकताओं और भविष्य के शैक्षणिक लक्ष्यों के प्रति अत्यंत गंभीर हैं. वे अब उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की गहन तैयारी में जुट गए हैं.

## टॉप 5 पोजीशन पर गर्ल्स का दबदबा

### ओशीन अग्रवाल

99.75%

सीएमएस




मुझे 99.75 पर्सेंट मार्क्स मिले हैं और फोर्थ रैंक मिली है. ऐसा लग रहा है कि मैंने पैरेंट्स को प्राउड फील करा दिया है, वे बहुत खुश हैं. पढ़ाई के लिए मैंने समय नहीं देखा, जितना समय मिला उतनी पढ़ाई करी. मैं फ्यूचर में डॉक्टर बनना चाहती हूं. मेरी सक्सेस में मेरे स्कूल के टीचर्स का बहुत बड़ा हाथ है. इसके साथ ही मेरे पापा-मम्मी ने भी मेरी पढ़ाई में मेरा बहुत साथ दिया. कभी किसी चीज की कमी नहीं होने दी. मुझे जिन भी चीजों की जरूरत पड़ी, उन्होंने हर उस जरूरत को पूरा किया.

### जैनब फातिमा

99.75%

सीएमएस



मैंने हर सब्जेक्ट को पूरी अहमियत दी. किसी सब्जेक्ट को इग्नोर नहीं किया. मुझे 99.75 पर्सेंट मार्क्स मिले हैं. पढ़ाई को मैंने रोजाना 8-9 घंटे दिए. पूरे साल कंसिस्टेंट रही. सोशल मीडिया कभी यूज नहीं किया. पढ़ाई में जहां भी दिक्कतें आईं, उसमें टीचर्स ने रात को भी मदद की. जब भी कहीं दिक्कत आई, उन्होंने हर टॉपिक को सही से पढ़ाया और जबतक समझ नहीं आया, तब तक समझाया. मैं वकील या जज बनना चाहती हूं.



### छवि मिश्रा

99.75%

सीएमएस

मैंने टीचर्स की गाइडेंस के हिसाब से ही पढ़ाई की. मुझे में 99.75 पर्सेंट मार्क्स मिले हैं. मेरे रिजल्ट में सबसे बड़ा कारण मेरी कंसिस्टेंसी रही.. जितना रोज पढ़ाया गया, वो घर जाकर रिवाइज किया. जहां टीचर्स से मदद की जरूरत पड़ी, वहां उन्होंने पूरा सपोर्ट किया. मुझे लगता है कि पढ़ाई करने के लिए रोज टार्गेट सेट होना चाहिए, जिसके हिसाब से आपको पढ़ाई करनी चाहिए. मुझे फ्यूचर में आईएएस बनना है.



### संस्कृति चंदेल

99.75%

सीएमएस

जो सब लोग पढ़ाई में करते हैं, मैंने भी वही किया, कुछ अलग नहीं किया. जितना टीचर्स ने बताया और करने को कहा उसे समय से पूरा किया. मुझे 99.75 पर्सेंट मार्क्स मिले हैं. मुझे मेरे टीचर्स का बहुत सपोर्ट मिला. मैं ह्यूमैनिटी की स्टूडेंट हूं, फिलहाल बीए में एडमिशन लूंगी. अपनी पढ़ाई पूरी करूंगी. इसके बाद आगे यूपीएससी करने का सोचा है ताकि सिविल सर्वेंट बनकर लोगों की मदद कर सकूं.



### आर्या द्विवेदी

99.5%

सीएमएस

मुझे 99.5 पर्सेंट मार्क्स मिले हैं. मैं पढ़ाई के लिए दिन में 7-8 घंटे का समय देती थी. बोर्ड इग्जाम के साथ-साथ मैं आईआईटी की प्रिपरेशन पर भी फोकस कर रही थी. मेरी सफलता का मंत्रा सिर्फ कंसिस्टेंट रहना था. दोनों ही चीजों के लिए मेरे टीचर्स ने गाइड किया. मैं हर दिन पढ़ाई के लिए टास्क सेट करके पढ़ती थी. समय पर टास्क पूरा न होने पर एक्स्ट्रा समय देती थी. मैं फ्यूचर में इंजीनियर बनना चाहती हूं.

दैनिक जागरण
INTERNATIONAL LABOUR DAY
Agra • Bareilly • Dehradun • Gorak
**Lucknow**, Friday,
**1 May 2026**
inext

## 10वीं के टॉपर्स



**वैवस्वत नारायण**
**99.8%**
सीएमएस



**जहरा फातिमा**
**99.6%**
सीएमएस

कंसिस्टेंसी और टीचर्स की गाइडेंस के साथ मैंने 99.8 पर्सेंट मार्क्स हासिल किए हैं. मेरे फादर एसएन दुबे असिस्टेंट एक्साइज कमिश्नर हैं और मेरी मदर वैदेही दुबे लेक्चरर हैं, जिनका मुझे कंटीन्यूअस सपोर्ट मिला. मैं हर रोज कंसिस्टेंसी के साथ पढ़ाई करता था और टीचर्स की गाइडेंस में काम करता रहा. मैं सोशल मीडिया से बिल्कुल दूर रहा और सेल्फ स्टडी के बेस पर स्कोर किया.

टीचर्स के सपोर्ट और हर रोज 4-5 घंटे की सेल्फ स्टडी के साथ मैंने 99.6 पर्सेंट मार्क्स हासिल किए हैं. मेरे फादर सैय्यद साजिद अब्बास एडवोकेट हैं और मदर हिना रिजवी होममेकर हैं. मैं हर रोज स्कूल से आने के बाद खुद पढ़ाई करती थी, जो चीजें समझ नहीं आती थीं वे टीचर्स से क्लियर करती थी. मेरे फादर चाहते हैं कि मैं आईएएस ऑफिसर बनूं, लेकिन उससे पहले मैं इंजीनियरिंग करना चाहती हूं.



**अनय अग्रवाल**
**99.6%**
सीएमएस



**अफशान अहमद**
**99.4%**
सीएमएस

कंसिस्टेंसी और सेल्फ स्टडी के बेस पर मैंने 99.6पर्सेंट मार्क्स हासिल किए. मेरे फादर रूपेश अग्रवाल बिजनेसमैन हैं और मदर शिल्पी अग्रवाल होममेकर हैं. मैं सोशल मीडिया यूज करता था, लेकिन सिर्फ 1 घंटे क्योंकि मुझे सेल्फ कंट्रोल आता है. एक चीज जो मैं कहना चाहता हूं कि घंटे मैटर नहीं करते, कंसिस्टेंसी मैटर करती है, कोकरिकुलर एक्टिविटीज पर भी फोकस करना चाहिए.

हर रोज 3-4 घंटे की सेल्फ स्टडी के साथ मैंने 99.4 पर्सेंट मार्क्स हासिल किए हैं. मेरे फादर महमूद आलम सिद्दीकी बिजनेसमैन हैं और मदर अर्शी बानो टीचर हैं. मैं यही कहना चाहता हूं कि एकदम से 7-8 घंटे पढ़ने से बेहतर है कि शुरुआत से हर रोज 3-4 घंटे भी पढ़ाई की जाए तो रिजल्ट बहुत बेहतर आ सकते हैं. मैं आईआईएससी बैंगलोर से इंजीनियरिंग करना चाहता हूं.



**फरहीन खान**
**99.4%**
सीएमएस

प्रैक्टिस और कंसिस्टेंसी के बेस पर मैंने 99.4 पर्सेंट मार्क्स हासिल किए हैं. मेरे फादर लेट जाहिद खान, बिजनेसमैन थे और मेरी मदर आएशा खान हाउसवाइफ हैं. मुझे लगता है कि 'कंसिस्टेंसी इज द की', हर रोज सब्जेक्ट जैसे मैथ्स, फिजिक्स को प्रैक्टिस करना और न्यूजपेपर रीडिंग बहुत जरूरी है. स्टार्टिंग में मैथ्स में मुझे थोड़ी प्रॉब्लम थी, लेकिन डेली प्रैक्टिस से वे भी सॉल्व हो गईं. मैं आईएएस ऑफिसर बनना चाहती हूं. मुझे जैसे उम्मीद एग्जाम देने के बाद थी रिजल्ट ठीक उसी तरह का आया है. मेरे टीचर्स ने काफी मदद की है.

## शानदार रिजल्ट रहा

इस बार के रिजल्ट की खास बात यह रही कि इस साल बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने 99 प्रतिशत से अधिक मार्क्स हासिल किए हैं. क्लास 10वीं में 20 से अधिक और क्लास 12वीं में 40 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने 99 प्रतिशत से अधिक मार्क्स हासिल किए हैं, जो शहर की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है.



- आईएससी में प्रखर सिंह 99.25 तथा आईसीएसई में अभिश्री सिंह सोमवंशी व शिवांश मौर्या 98.6 प्रतिशत के साथ बने टॉपर
- राजधानी के सभी स्कूलों ने रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन किया है. अधिकतर स्टूडेंट्स के नंबर अच्छे आए



अथर्व श्रीवास्तव
सीएमएस
91%

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शुक्रवार
1 मई, 2026

# आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में लखनऊ के बच्चों ने रचा इतिहास

## विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर सफलता का बनाया नया रिकॉर्ड



स्वतंत्र भारत, लखनऊ। आईसीएसई बोर्ड परीक्षा के नतीजों में लखनऊ के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। इस वर्ष भी आईएससी (कक्षा-12) और आईसीएसई (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में बच्चों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर सफलता का नया रिकॉर्ड बनाया। लखनऊ के स्कूलों का परिणाम इस बार भी बेहद प्रभावशाली रहा।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आईएससी (कक्षा-12) एवं आईसीएसई (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। सीएमएस के 4 छात्रों ने इस वर्ष आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है। आईएससी (कक्षा-12) बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. के 4 मेधावी छात्रों में ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा शामिल हैं जबकि आईसीएसई (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत, जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत अंक जबकि अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा एवं फरहीन खान ने 99.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर इतिहास रचा है, जिनमें आईएससी के 42 एवं आई.सी.एस.ई. के 20 छात्र शामिल हैं। सीएमएस से 7030 छात्रों ने आईएससी एवं आईसीएसई बोर्ड में प्रतिभाग किया, जिसमें से 3709 (52.8 प्रतिशत) छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक जबकि 1441 छात्रों (20.5 प्रतिशत) ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। इसके अलावा, 1013 ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने एक या अधिक विषयों में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।



प्रशस्ति

प्रशस्ति तिवारी ने आईसीएसई हाईस्कूल बोर्ड में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं परिजनों का नाम रोशन किया। प्रशस्ति सीएमएस स्टेशन रोड लखनऊ की छात्रा हैं। इनके पिता आशीष तिवारी विधान सभा सचिवालय में निजी सचिव एवं माता सुषमा तिवारी सहायक अध्यापक हैं। प्रशस्ति का सपना अच्छे अंकों से इंटर एग्जाम उत्तीर्ण कर इंजीनियरिंग क्षेत्र में जाकर देश सेवा करने का है। कक्षा 12 की छात्रा नियति सक्सेना ने 99 फीसदी अंक हासिल किए है। वह स्कॉलर्स होम, गोमती नगर की छात्रा हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के सही मार्गदर्शन, समय-समय पर डाउट्स के समाधान तथा निरंतर प्रेरणा के कारण ही यह सफलता मिल सकी। रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल के उत्तीर्ण अंक पाने वाले छात्रों में आयुषि 98 फीसदी अंग के साथ उत्तीर्ण हुई है। दिव्यांश वर्मा 96.60 फीसदी के साथ उत्तीर्ण हुआ हैं। अर्पित सिंह ने 95.80 फीसदी अंक हासिल किए तो ओम यादव, शिखर पांडेय और सनुज पुष्कार ने 95.60 फीसद अंक हासिल किए। इसी स्कूल के आयुषि सिंह ने 95.80 फीसदी अंक हासिल किए। वहीं गोमती नगर माडर्न एकेडमी का दसवीं और बारहवीं का परिणाम अच्छा रहा। यहां के खादीजा जावेद ने दसवी की परीक्षा 99 फीसद अंक हासिल कर सफलता पाई। पीयूष मौर्या 98.20 और ईशान तिवारी ने 98 फीसद अंक पाएं। बारहवीं के छात्र प्रत्याशा समंत्रय ने 12 वीं की परीक्षा में 97.5 और अंकुर सिंह राठौर ने 97 फीसदी अंक हासिल किए। वहीं सेंट एंटोनी इंटर कॉलेज जानकीपुरम के इंटरमीडियट के अंकित सिंह भंडारी व अदिति शुक्ला 97.75 और मोहम्मद तबरीक 97.5अंक हासिल किए। रम्शा अर्शद और हर्श कुमार सिंह ने 95.5 फीसदी अंक प्राप्त किए। वहीं प्राची गुप्ता 98 फीसद अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। वहीं, टाउन हॉल ग्रुप ऑफ स्कूल्स को अपने कक्षा 12 (आईएससी) एवं कक्षा 10 (आईसीएसई) बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है। पिछ्ले वर्षों की भांति इस वर्ष भी हमारे विद्यार्थियों ने 100फीसदी परिणाम देकर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा है। आईएससी परीक्षा में सारा खान ने 94.75 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नेहा घाटी ने 93.75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंशिका तिवारी ने 93.5 फीसदी), आर्यन कुमार ने 91.5 फीसदी) एवं उत्कर्ष गुप्ता ने 90.25 फीसदी अंकर हासिल किए।

लखनऊ, अयोध्या एवं बरेली से प्रकाशित
जनमोर्चा
लखनऊ | शुक्रवार | 01 मई 2026

# सीएमएस छात्रों ने बोर्ड परीक्षाओं में रचा इतिहास

## आई.एस.सी. में 4 छात्रों के 99.75 प्रतिशत अंक, 62 छात्रों को मिले 99 प्रतिशत से अधिक अंक

लखनऊ, संवाददाता।



सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आई.एस.सी. (कक्षा-12) एवं आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है।

सी.एम.एस. के 4 छात्रों ने इस वर्ष आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर आई.सी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है। इस वर्ष सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया है। आई.एस.सी. (कक्षा-12) बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. के 4 मेधावी छात्रों में ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा शामिल हैं जबकि आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत, जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत अंक जबकि अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा एवं फरहीन खान ने 99.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर इतिहास रचा है, जिनमें आई.एस.सी. के 42 एवं आई.सी.एस.ई. के 20 छात्र शामिल हैं।

सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल हैं। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने भी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि 2 मई, शनिवार को प्रातः 9.00 बजे सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य 'सम्मान समारोह' में सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया जायेगा।

लखनऊ, शुक्रवार 01 मई, 2026
voiceoflucknow@gmail.com
वॉयस ऑफ लखनऊ

# राजधानी के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में रचा इतिहास



- आईएससी में चार छात्रों के 99.75 प्रतिशत अंक, आईसीएसई में वैवस्वत और शिवम ने अर्जित किये 99.80 प्रतिशत अंक
- सीएमएस के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर बनाया कीर्तिमान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आईएससी और आईसीएसई का परीक्षा परिणाम गुरुवार को जारी हुआ। इस परिणाम के जारी होने के बाद सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। सभी छात्र-छात्राओं का स्कूल प्रबंधन ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उनकी खुशी मनाने के लिए छात्रों को फूल मालायें पहनायी गयी और मिठाई खिलायी गयी। इस अवसर पर राजधानी में आईएससी में चार छात्रों ने 99.75 प्रतिशत अंक, आईसीएसई में वैवस्वत और लखनऊ पब्लिक कालेज के शिवम अवस्थी ने 99.80 प्रतिशत अंक अर्जित किये।

सीएमएस के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आईएससी (कक्षा-12) एवं आईसीएसई (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर न सिर्फ लखनऊ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है।

सीएमएस के चार छात्रों ने इस वर्ष आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सीएमएस के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर सिद्ध कर दिया है कि लखनऊ अब पूरे देश में शिक्षा का केन्द्र बन चुका है।

आईएससी (कक्षा-12) बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले सीएमएस के चार मेधावी छात्रों में ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा शामिल हैं जबकि आईसीएसई (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत, जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत अंक जबकि अफशान अहमद.

### डाक्टर बनना चाहती हैं उंजिला



राजाजीपुरम स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल में मलिहाबाद के मिर्जागंज की छात्रा उंजिला फातिमा डाक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने 12वीं में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल का मान बढाया। इस मौके पर सीएमएस प्रबंधन ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### न्यायिक सेवा में जाकर समाज की सेवा करूंगी



सीएमएस एलडीए कानपुर रोड ब्रांच की हुलशिका पाण्डेय इंटर में 91.25 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक भारती गांधी ने सम्मानित करते हुए हुलशिका को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। हुलशिका ने बताया कि हाईस्कूल में शिक्षकों व माता-पिता की प्रेरणा से सफलता मिली है। पिता पद्माकर पाण्डेय वरिष्ठ पत्रकार हैं। हुलशिका ने बताया कि क्लैट की तैयारी कर न्यायिक सेवा में रहकर समाज की सेवा करूंगी।

दैनिक भास्कर
शुक्रवार, 01 मई 2026 लखनऊ

# सीएमएस के विद्यार्थियों ने बोर्ड में रचा इतिहास



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आई.एस.सी. (कक्षा-12) एवं आई.सी.एस.ई. (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर न सिर्फ लखनऊ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है अपितु यह भी साबित कर दिया है कि गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में सिटी मोन्टेसरी स्कूल सर्वश्रेष्ठ है। सी.एम.एस. के 4 छात्रों ने इस वर्ष आई.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर आई.सी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर सिद्ध कर दिया है कि लखनऊ अब पूरे देश में शिक्षा का केन्द्र बन चुका है।

## सलोनी सिंह ने 97% अंक लाकर हाईस्कूल में किया टॉप



लखनऊ। सीएमएस आनंदनगर ब्रांच से आईसीएससी बोर्ड में बनाया रिकॉर्ड बनाया। सिटी मांटेसरी स्कूल आनंदनगर ब्रांच की छात्रा सलोनी सिंह ने आईसीएससी बोर्ड से दसवीं की कक्षा में 97 फीसदी अंक लाकर टॉप किया। सलोनी सिंह हाईस्कूल में साइंस, गणित और कम्प्यूटर की छात्रा हैं। तीनों विषयों में सलोनी ने नब्बे फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किये।

# इन्क़िलाबी नज़र

लखनऊ, शुक्रवार, 1 मई 2026


## सीआईएससीआई बोर्ड : 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी

# 12वीं में ओशीन, संस्कृति, छवि, जैनब ने मारी बाजी



सफलता की खुशी मनाते सीएमएस के छात्र

### टाइम मैनेजमेंट व रोजाना प्रैक्टिस ने दिलाई सफलता

आईएससी 12वीं में में 99.75 प्रतिशत अंक लाने वाले सीएमएस की ओशीन अग्रवाल ने बताया कि मैथ्स व साइंस जैसे कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दिया। टाइम मैनेजमेंट और नियमित प्रैक्टिस ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। छात्र सार्थक मिश्र ने कहा कि उन्होंने शिक्षकों के निर्देशों का पूरी ईमानदारी से पालन किया। कड़ी मेहनत और सही दिशा में किए गए प्रयासों से ही उन्हें यह सफलता मिली है।

## 62 छात्रों ने 99 फीसद से अधिक अंक लाकर बनाया कीर्तिमान

**सीएमएस**

लखनऊ (सं)। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आईएससी (कक्षा-12) एवं आईसीएसई (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर न लखनऊ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है। स्कूल के 4 छात्रों ने इस वर्ष आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है।

खास बात यह है कि इस वर्ष सीएमएस के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर सिद्ध कर दिया है कि लखनऊ अब पूरे देश में शिक्षा का केन्द्र बन चुका है। आईएससी (कक्षा-12) बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले स्कूल के 4 मेधावी छात्रों में ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा शामिल हैं। जबकि आईसीएसई (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत, जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत अंक और अफ शान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा एवं फ रहीन खान ने 99.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर इतिहास रचा है, जिनमें आईएससी के 42 एवं आईसीएसई के 20 छात्र शामिल हैं। स्कूल के मीडिया हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि स्कूल के 7030 छात्रों ने आईएससी एवं आईसीएसई बोर्ड में प्रतिभाग किया, जिसमें से 3709 (52.8 प्रतिशत) छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक जबकि 1441 छात्रों (20.5 प्रतिशत) ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। इसके अलावा, 1013 ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने एक या अधिक विषयों में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।




اخبار آپ کا

Lucknow, 01 May, 2026 Friday

URDU DAILY AAG LUCKN


# سی ایم ایس کے 62 طلبا نے 99 فیصد سے زائد نمبرات حاصل کئے



لکھنؤ (نامہ نگار)۔ گزشتہ برسوں کی طرح امسال بھی سٹی مانٹیسری اسکول کے ہونہار طلباء نے آئی ایس ای (کلاس 12) اور آئی سی ایس ای (کلاس 10) بورڈ امتحانات میں اپنی غیر معمولی کارکردگی کے ساتھ لکھنؤ کا سر فخر سے بلند کیا ہے۔ اسکول کے چار طلباء نے اس سال آئی ایس سی بورڈ امتحان میں 99.75 فیصد نمبر حاصل کر کے ریکارڈ قائم کیا۔ وہیں دوسری طرف، انہوں نے آئی سی ایس ای بورڈ امتحان میں 99.40 سے 99.80 فیصد کے درمیان نمبر لاکر کے قومی سطح پر اعلیٰ مقام حاصل کیا۔ قابل ذکر بات یہ ہے کہ اس سال سی ایم ایس کے 62 طلباء نے 99 فیصد سے زیادہ نمبر حاصل کیے، جس سے یہ ثابت ہوتا ہے کہ لکھنؤ اب پورے ملک میں تعلیم کا مرکز بن گیا ہے۔ اسکول کے چار ہونہار طلباء جنہوں نے آئی ایس ای (کلاس 12) بورڈ کے نتائج میں 99.75 فیصد تک نمبر حاصل کیے ان میں اوشین اگروال، سنسکرت چندیل، زینب فاطمہ، اور چھوی مشرا شامل ہیں۔ وہیں آئی سی ایس ای (کلاس 10) بورڈ کے امتحان میں ویواسوت نارائن دوبے نے 99.80 فیصد، زہرہ فاطمہ اور انائے اگروال نے 99.60 فیصد اور افشاں احمد، دیویانش کشواہا اور فرحین خان نے 99.40 فیصد نمبر حاصل کر کے اپنی شاندار کارکردگی کا مظاہرہ کیا۔ خاص بات یہ ہے کہ اس سال سی ایم ایس کے 62 طلبا نے 99 فیصد سے زیادہ نمبر حاصل کر کے تاریخ رقم کی ہے جس میں آئی ایس سی کے 42 اور آئی سی ایس ای کے 20 طلبہ شامل ہیں۔ اسکول کے میڈیا ہیڈ رشی کھنہ نے بتایا کہ اسکول کے 7030 طلباء نے آئی ایس سی اور آئی سی ایس ای بورڈ کے امتحانات میں حصہ لیا، جن میں سے 3709 (52.8 فیصد) طلباء نے 90 فیصد سے زیادہ جبکہ 1441 طلباء (20.5 فیصد) نے 95 فیصد سے زیادہ نمبر حاصل کئے۔ اس کے علاوہ 1013 طلباء نے ایک یا زیادہ مضامین میں کامل 100 فیصد حاصل کیا۔

# पायनियर

लखनऊ, शुक्रवार, 1 मई 2026

## सीएमएस के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर बनाया कीर्तिमान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आईएससी (कक्षा-12) एवं आईसीएसई (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर न सिर्फ लखनऊ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है। अपितु यह भी साबित कर दिया है कि गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में सिटी मोन्टेसरी स्कूल सर्वश्रेष्ठ है।

सीएमएस के चार छात्रों ने इस वर्ष आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सीएमएस के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर सिद्ध कर दिया है कि लखनऊ अब पूरे देश में शिक्षा का केन्द्र बन चुका है। आईएससी (कक्षा-12) बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले सीएमएस के चार मेधावी छात्रों में ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा शामिल हैं। जबकि आईसीएसई (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत, जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत अंक जबकि अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा एवं फरहीन खान ने 99.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है।

लखनऊ, शुक्रवार, 1 मई 2026,

# DNA

## सीएमएस के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर बनाया कीर्तिमान



लखनऊ (डीएनएन)। सीएमएस के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आईएससी (कक्षा-12) एवं आईसीएसई (कक्षा-10) बोर्ड परीक्षाओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर न सिर्फ लखनऊ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है अपितु यह भी साबित कर दिया है कि गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में सिटी मोन्टेसरी स्कूल सर्वश्रेष्ठ है।

सीएमएस के 4 छात्रों ने इस वर्ष आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है तो वहीं दूसरी ओर आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 99.40 प्रतिशत से लेकर 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान अर्जित किया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर सिद्ध कर दिया है कि लखनऊ अब पूरे देश में शिक्षा का केन्द्र बन चुका है। आईएससी (कक्षा-12) बोर्ड परिणाम में 99.75 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले सीएमएस के 4 मेधावी छात्रों में ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा एवं छवि मिश्रा शामिल हैं जबकि आईसीएसई (कक्षा-10) की बोर्ड परीक्षा में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत, जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत अंक जबकि अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा एवं फरहीन खान ने 99.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर इतिहास रचा है, जिनमें आई.एस.सी. के 42 एवं आई.सी.एस.ई. के 20 छात्र शामिल हैं। इस वर्ष सीएमएस से कुल 7030 छात्रों ने आईएससी एवं आईसीएसई बोर्ड में प्रतिभाग किया, जिसमें से 3709 (52.8 प्रतिशत) छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक जबकि 1441 छात्रों (20.5 प्रतिशत) ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। इसके अलावा, 1013 ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने एक या अधिक विषयों में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल हैं। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने भी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने ये जानकारी दी।

शुक्रवार, 01 मई 2026, लखनऊ

# संदेश वाहक

## सीआईएससीई बोर्ड : 12वीं में ओशीन अग्रवाल टॉपर

संदेश वाहक संवाददाता



लखनऊ। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने गुरुवार को इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन, कक्षा- 10वीं (आईसीएसई) और इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट कक्षा-12वीं (आईएससी) का परिणाम जारी कर दिया। परिणाम में एलपीसी राजाजीपुरम के कक्षा 10वीं के छात्र शिवम अवस्थी ने 99.80 प्रतिशत हासिल किया। कक्षा 12वीं के परिणाम में सीएमएस की छात्रा ओशीन अग्रवाल, जैनब फातिमा, संस्कृति चंदेल और छवि मिश्रा ने 99.75 प्रतिशत अंक हासिल कर लखनऊ का मान बढ़ाया है। दोनों बोर्ड की परीक्षाओं में 98 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। इनमें कक्षा 10वीं का 98.21, जबकि कक्षा 12वीं का 98.40 प्रतिशत रिजल्ट रहा।

सीएमएस के मीडिया प्रभारी ऋषि खन्ना ने बताया कि कक्षा 10वीं के परिणाम में 20 से अधिक विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। इसी तरह कक्षा 12वीं के परिणाम में 42 से अधिक विद्यार्थियों 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया है।

### इंजीनियर बनना चाहती हैं प्रशस्ति तिवारी



प्रशस्ति तिवारी ने आईसीएसई हाईस्कूल बोर्ड एक्जाम में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं परिजनों का नाम रोशन किया। प्रशस्ति सीएमएस स्टेशन रोड लखनऊ की छात्रा हैं। इनके पिता आशीष तिवारी विधान सभा सचिवालय में निजी सचिव एवं माता सुषमा तिवारी सहायक अध्यापक हैं। प्रशस्ति का सपना अच्छे अंकों से इंटर एग्जाम उत्तीर्ण कर इंजीनियरिंग क्षेत्र में जाकर देश सेवा करने का है।

### वेदांश शुक्ला ने हासिल किए 94 प्रतिशत अंक



आईसीएसई की परीक्षा में सीएमएस विशालखंड गोमतीनगर के छात्र वेदांश शुक्ला ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व परिजनों का मान बढ़ाया है। वेदांश के पिता मनीष शुक्ला व्यवसायी व माता नीतू शुक्ला गृहिणी हैं। वेदांश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों व स्कूल के शैक्षिक वातावरण को दिया है।